Amarujala

सिपाही भर्ती : समय पर परीक्षा कराने से टीसीएस ने खड़े किए हाथ

15 दिन का और मांगा समय, 4 व 5 जनवरी को होनी थी परीक्षा, अब 19 और 20 जनवरी को हो सकती है

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सिपाही भर्ती के 49,568 पदों की परीक्षा समय से कराने पर हाथ खड़े कर दिए हैं। यह परीक्षा 4 व 5 जनवरी को होनी थी। परीक्षा कराने वाली एजेंसी टीसीएस ने यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को परिचालन संबंधी समस्याओं का हवाला देकर परीक्षा 15 दिन टालने का अनुरोध किया था। भर्ती बोर्ड ने इसे स्वीकार कर परीक्षा 19 व 20 जनवरी को प्रस्तावित की है। हालांकि कुंभ के चलते इस पर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

भर्ती बोर्ड के चेयरमैन जीपी शर्मा ने इस संबंध में प्रमुख सचिव, गृह को पत्र भेजकर प्रस्तावित तिथियों की जानकारी दे दी है।

49,568 पदों पर होनी है भर्ती

ये है प्रस्तावित नया कार्यक्रम

चेयरमैन जीपी शर्मा के अनुसार 4 व 5 जनवरी वाली परीक्षा 19 व 20 जनवरी को प्रस्तावित है। यह दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 तक होगी जबकि दूसरी पाली की परीक्षा शाम 3 बजे से पांच बजे के बीच कराने की योजना है।

... लेकिन यह तारीख भी निश्चित नहीं

चेयरमैन के अनुसार प्रस्तावित तारीख भी निश्चित नहीं है। प्रयागराज में कुंभ और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं, सूत्रों का कहना है कि भर्ती बोर्ड आगामी लोकसभा चुनाव से पहले ही इस भर्ती को पूरी कर लेना चाहता है।